**NEWS CLIPPING: 24.02.2018**

**NAVBHARAT TIMES**

# रांची में वाईएमसीए की टीम को मिला तीसरा स्थान



■ **वस, फरीदाबाद :** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने भारतीय विश्वविद्यालय संघ एआईयू के 33वीं अंतर विश्वविद्यालय राष्ट्रीय युवा उत्सव के थियेटर इवेंट में तीसरा पुरस्कार प्राप्त किया है। उत्सव का आयोजन रांची विश्वविद्यालय में 16 से 20 फरवरी तक हुआ। कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों को बधाई दी है। उत्सव में कुल 116 विश्वविद्यालयों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। थियेटर इवेंट की माइम श्रेणी में 15 विश्वविद्यालय की टीमों के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें विश्वविद्यालय की टीम तीसरे स्थान पर रही। इस टीम में प्रतीक, सृष्टि, संदीप, हर्ष, मोहित, शिवम शामिल थे।

**NEWS CLIPPING: 24.02.2018**

**DAINIK BHASKAR**

# राष्ट्रीय युवा उत्सव में वाईएमसीए विश्वविद्यालय को तीसरा स्थान



**फरीदाबाद** | वाईएमसीए विश्वविद्यालय ने भारतीय विश्वविद्यालय संघ के 33वें अंतर विश्वविद्यालयीन राष्ट्रीय युवा उत्सव के थिएटर इवेंट में तीसरा पुरस्कार प्राप्त किया है। उत्सव रांची विश्वविद्यालय रांची में 16 से 20 फरवरी तक हुआ। यह पहली बार है जब विश्वविद्यालय की टीम ने एआईयू के किसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर पुरस्कार प्राप्त किया। युवा उत्सव में कुल 116 विश्वविद्यालयों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया तथा थिएटर इवेंट की माइम श्रेणी में 15 विश्वविद्यालयों की टीमों के बीच मुकाबला हुआ। इसमें विश्वविद्यालय की टीम तीसरे स्थान पर रही। इस टीम के सदस्यों में प्रतीक गुप्ता, सृष्टि पांडे, संदीप यादव, हर्ष शर्मा, मोहित शर्मा तथा शिवम नागर शामिल थे।

**NEWS CLIPPING: 24.02.2018**

**PUNJAB KEASAI**

# राष्ट्रीय युवा उत्सव में वाईएमसीए विश्वविद्यालय का तीसरा स्थान

फरीदाबाद, 23 फरवरी (ब्यूरो): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) के 33वीं अंतर विश्वविद्यालय राष्ट्रीय युवा उत्सव के थियेटर इवेंट में तीसरा पुरस्कार प्राप्त किया है।

उत्सव का आयोजन रांची विश्वविद्यालय, रांची में 16 से 20 फरवरी तक आयोजित किया गया था। यह पहली बार है जब विश्वविद्यालय की टीम ने एआईयू के किसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में हिस्सा लिया तथा पुरस्कार प्राप्त किया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों की उपलब्धि पर उन्हें शुभकामनाएं दी है। अंतर विश्वविद्यालय राष्ट्रीय युवा उत्सव में कुल 116 विश्वविद्यालयों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया तथा थियेटर इवेंट की माइम श्रेणी में 15 विश्वविद्यालय की टीमों के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय की टीम तीसरे स्थान पर रही।

इस टीम के सदस्यों में प्रतीक गुप्ता, सृष्टि पांडे, संदीप यादव, हर्ष शर्मा, मोहित शर्मा तथा शिवम नागर शामिल थे। इससे पूर्व, क्वालीफाइंग स्तर पर, एमएम विश्वविद्यालय, मुलाना में जनवरी में आयोजित 33वें उत्तर क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय युवा उत्सव में भी विश्वविद्यालय की टीम ने इसी स्पर्धा में तीसरा स्थान हासिल किया था।

पंजाब केसरी ई-पेपर
Sat, 24 February 2018
epaper.punjabkesari.in//c/26583728

**NEWS CLIPPING: 24.02.2018**

**DAINIK BHASKAR**

# लैंगिक समानता तथा महिला उत्पीडन से बचाव के प्रति किया जागरूक

फरीदाबाद, 23 फरवरी (ब्यूरो): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के महिला कल्याण प्रकोष्ठ द्वारा महिला के खिलाफ हिंसा से रोकथाम को प्रोत्साहित करने के लिए लैंगिंक समानता तथा कार्यस्थल पर यौन उत्पीडन से महिलाओं के बचाव के लिए लागू विभिन्न कानूनों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से 'लैंगिक समानता, जागरूता तथा सुरक्षा' विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. बुलबुल धर जेम्स मुख्य वक्ता रही तथा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों तथा कर्मचारियों को लैंगिक समानता तथा महिलाओं को यौन उत्पीडन से बचाव के विभिन्न कानूनों की जानकारी दी।


पंजाब केसरी ई-पेपर Sat, 24 F
epaper.pu

**NEWS CLIPPING: 24.02.2018**

**AMAR UJALA**

# महिला उत्पीड़न से बचाव को किया जागरूक

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में महिलाओं को यौन उत्पीड़न से बचाने और उन्हें विभिन्न कानूनों के प्रति जागरूक करने को व्याख्यान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय की महिला कल्याण प्रकोष्ठ द्वारा किया गया था। शुक्रवार को आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं के खिलाफ हिंसा से रोकथाम को प्रोत्साहित करने, लैंगिक समानता के साथ ही कार्य स्थल पर यौन उत्पीड़न से महिलाओं के बचाव के लिए लागू विभिन्न कानूनों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से उन्हें जागरूक किया गया। इसके साथ ही लैंगिक समानता, जागरूकता और सुरक्षा विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. बुलबुल धर जेम्स मुख्य वक्ता रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. संदीप ग्रोवर ने की। इस अवसर पर वरिष्ठ संकाय सदस्य और अधिकारी उपस्थित रहे। ब्यूरो

**AMAR UJALA**

# राष्ट्रीय युवा उत्सव में वाईएमसीए विश्वविद्यालय को तीसरा स्थान

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईटीयू) के 33वें अंतर विश्वविद्यालय राष्ट्रीय युवा उत्सव के थियेटर इवेंट में तीसरा पुरस्कार प्राप्त किया है। उत्सव का आयोजन रांची विश्वविद्यालय, रांची में 16 से 20 फरवरी तक आयोजित किया गया था। वाईएमसीए के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि यह पहली बार है जब विश्वविद्यालय की टीम ने एआईयू के किसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। पहली ही बार टीम ने तीसरा पुरस्कार जीता है। कुलपति ने विजयी टीम में शामिल सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं। कुलपति ने बताया कि अंतर विश्वविद्यालय राष्ट्रीय युवा उत्सव में कुल 116 विश्वविद्यालयों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING: 24.02.2018**

**AMAR UJALA**

# वाईएमसीए विश्वविद्यालय की टीम पुरस्कृत

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की टीम ने अंतर कालेज विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल किया है। इस प्रतियोगिता में विभिन्न कालेजों की दस टीमों ने भाग लिया था। केएल मेहता मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता केएल मेहता दयानंद कालेज फॉर वुमैन में आयोजित हुई थी। वाईएमसीए की इस टीम के सदस्यों में एमएससी (कैमिस्ट्री) अंतिम वर्ष के विद्यार्थी अमित दूबे, शोमन मंडल और विनोद शामिल थे। मानविकी एवं विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. राज कुमार ने विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी है। ब्यूरो

**DAINIK BHASKAR**

# विज्ञान प्रतियोगिता में वाईएमसीए को दूसरा स्थान

**फरीदाबाद|** वाईएमसीए विश्वविद्यालय ने अंतर कॉलेज विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल किया है। केएल मेहता मेमोरियल ट्रस्ट ने केएल मेहता दयानंद कॉलेज फार वूमेन में आयोजित प्रतियोगिता में 10 कालेजों की टीमों ने हिस्सा लिया था। इसमें विश्वविद्यालय की टीम दूसरे स्थान पर रही। इस टीम के सदस्यों में एमएससी केमिस्ट्री अंतिम वर्ष के विद्यार्थी अमित दुबे, शोमन मंडल तथा विनोद शामिल थे।

**NEWS CLIPPING: 24.02.2018**

**HINDUSTAN**

# महिला उत्पीड़न से बचाव के प्रति जागरूक किया

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में शुक्रवार को महिला कल्याण प्रकोष्ठ की ओर से जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। महिला के खिलाफ हिंसा, लैंगिक समानता तथा कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से बचाव के लिए कानून के प्रति जागरूकता किया गया।

**NAVBHARAT TIME**

# विज्ञान प्रश्नोत्तरी में मिला पुरस्कार

**वस, फरीदाबाद :** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने अंतर कॉलेज विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल किया है। केएल मेहता मेमोरियल ट्रस्ट ने केएल मेहता दयानंद कॉलेज फॉर वुमेन ए फरीदाबाद में आयोजित प्रतियोगिता में 10 कॉलेजों की टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें विश्वविद्यालय की टीम दूसरे स्थान पर रही। इस टीम के सदस्यों में एमएससी केमिस्ट्री अंतिम वर्ष के विद्यार्थी अमित दुबे, शोमन मंडल तथा विनोद शामिल थे। मानविकी एवं विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रोण राज कुमार ने विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी हैं।

**NEWS CLIPPING: 24.02.2018**

**HINDUSTAN**

# 55 टीमों ने हिस्सा लिया

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् की ओर से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें 55 टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें कुल 190 छात्र थे। इसमें से 85 लड़कियां थी। प्रतियोगिता में नौ विषयों से प्रश्न पूछे गए थे।

प्रश्नों के चयन के लिए एक समिति बनाई गई थी। इसकी प्रमुख आकांशा थी। प्रतियोगिता में निखिल काजला, विशाल वर्मा एवं विवेक यादव की टीम प्रथम स्थान पर रही। शिवम महला, सचिन प्रताप, विशाल गर्ग एवं जितेश पारीक की द्वितीय और अक्षय, चेतन एवं त्रिलोक की टीम तृतीय स्थान पर रही। इसमें विजेताओं को विश्वविद्यालय के प्रो. प्रदीप डिमरी ने ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया।